Mahendra's

# UP Police कांस्टेबल / UP लेखपाल

## HINDI

# हिन्दी व्याकरण – शब्द भेद

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों सहित

भाग 2

3:00 PM

LIVE



Mahendra's

# शब्द भेद - इन्हें चार भागों में विभाजित किया गया है-

**1.उत्पत्ति/उद्गम के आधार पर -**
**(i) तत्सम(ii) तद्भव (iii) देशज(iv) विदेशी (v) संकर**

**2. रचना /बनावट के आधार पर -**
**(i) रूढ़ शब्द (ii) यौगिक शब्द (iii) योगरूढ़ शब्द**

**3.अर्थ के आधार पर –**
**(i)समानार्थी शब्द (ii) विपरीतार्थी शब्द (iii) एकार्थी (iv) अनेकार्थी**

**4.व्याकरण या प्रयोग के आधार पर-**
**(i)विकारी शब्द (ii)अविकारी शब्द**

# विकारी / अविकारी शब्द

जब भाषा में शब्दों का प्रयोग होता है तब व्याकरणिक दृष्टि से उन्हें संज्ञा, सर्वनाम आदि रूप में समझा जाता है, इसी आधार पर शब्दों को दो भागों में बाँटा गया है

## 1. विकारी शब्द–

जिन शब्दों में लिंग, वचन, कारक आदि के कारण विकार अर्थात् परिवर्तन आ जाता है वे शब्द विकारी शब्द कहलाते हैं। इनमें संज्ञा,सर्वनाम,विशेषण,क्रिया आते हैं

जैसे -

- लड़का खेल रहा है—लड़की खेल रही है। (लिंग परिवर्तन)
- लड़का पढ़ रहा है—लड़के पढ़ रहे हैं। (वचन परिवर्तन)

## 2.अविकारी शब्द–

वे शब्द जिनका प्रयोग मूल रूप में होता है तथा लिंग, वचन व कारक के आधार पर उसमें किसी तरह का परिवर्तन नहीं होता अर्थात् जो शब्द हमेशा एक-से रहते हैं, वे अविकारी शब्द कहलाते हैं।

जैसे- संबंधबोध,समुच्चयबोध,क्रियाविशेषण,विस्मयादिबोध

जैसे-

- आज, में, और, इत्यादि, अरे, आह, किन्तु।

# संज्ञा-

**किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, भाव आदि का बोध कराने वाले शब्द संज्ञा कहलाते हैं, जैसे-राहुल, दिल्ली ,किताब, प्रेम आदि।**

**संज्ञा के भेद-**

**(1)व्यक्तिवाचक**
**(2)जातिवाचक**
**(3)द्रव्यवाचक**
**(4)समूहवाचक**
**(5)भाववाचक**

**(1)व्यक्तिवाचक-**

**किसी विशिष्ट व्यक्ति, वस्तु या स्थान के द्योतक शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा कहलाते हैं,**

**जैसे-महात्मा गांधी, दिल्ली आदि।**

**(2)जातिवाचक-**

**किसी वस्तु य प्राणी की संपूर्ण जाति के द्योतक शब्द जातिवाचक संज्ञाकहलाते हैं,**

**जैसे-कक्षा, पालतू जानवर, झुंड आदि।**

**(3)द्रव्यवाचक संज्ञा –**

जो शब्द किसी पदार्थ के नाम का बोध कराते हैं, वे पदार्थवाचक/द्रव्यवाचक संज्ञा कहलाते हैं
जैसे- वायु, जल, रेत, धूल, सोना, चाँदी, ताँबा, जस्ता, हीरा आदि।

**(4)समूहवाचक संज्ञा-**

जो शब्द किसी समूह के नाम का बोध कराए समूहवाचक संज्ञा कहलाते हैं,
जैसे- सेना, ,ढेर, भीड़, सभा, वर्ग, गुच्छा ,पुंज जात्था, मंडली आदि।

**(5)भाववाचक-**

जिस शब्द से किसी वस्तु या व्यक्ति के गुण, दोष, दशा, भाव आदि का पता चलता है, उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं, जैसे-बुढ़ापा, इमानदारी, चतुराई, प्रेम, मिठास, सुंदरता आदि।

1.पुँज शब्द में संज्ञा का भेद बताएँ-
(a) जातिवाचक
(b) समूहवाचक
(c) भावाचक
(d) इनमें से कोई नहीं

2. कोयला में संज्ञा शब्द का भेद बताएँ-
(a) व्यक्तिवाचक
(c) भाववाचक
(b) समूहवाचक
(d) जातिवाचक

Mahendra's

3. सोना-चाँदी में संज्ञा शब्द का भेद बताएँ:
(a) समूहवाचक
(b) द्रव्यवाचक
(c) व्यक्तिवाचक
(d ) जातिवाचक

4. सुंदरता में संज्ञा शब्द का भेद बताएँ:
(a) व्यक्तिवाचक
(c) जातिवाचक
(b)समूहवाचक
(d) भाववाचक

**5. निम्नलिखित में कौन व्यक्तिवाचक संज्ञा है?**
(a) शिक्षक
(b) विद्यार्थी
(c) मंत्री
(d) महेंद्र

**6. बचपन, शैशव, मित्रता, अहंकार, स्वत्व, देवत्व ये शब्द कौन-सी संज्ञा है?**
(a) भाववाचक संज्ञा
(c) समूहवाचक संज्ञा
(b) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(d) जातिवाचक संज्ञा

7.निम्नलिखित में कौन द्रव्यवाचक संज्ञा नहीं है?
(a) लोहा
(b) घड़ी
(c) तेल
(d) दूध

8.यह घोड़ा अच्छा है। वाक्य में 'यह' क्या है?
(a) संज्ञा
(b)सर्वनाम
(C) विशेषण
(d) सार्वनामिक विशेषण

9. कौन-सा शब्द भाववाचक संज्ञा नहीं है?
(a)मिठाई
(b) चतुराई
(c) लड़ाई
(d) उतराई

10.निम्नलिखित में कौन सा शब्द 'व्यक्तिवाचक संज्ञा है? -
(a) गाय
(b)पहाड़
(c)आम
(d) यमुना

Mahendra's

# उत्तरमाला- (संज्ञा)

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 1 | (b) समूहवाचक |
| 2 | (d) जातिवाचक |
| 3 | (b) द्रव्यवाचक |
| 4 | (d) भाववाचक |
| 5 | (d) महेंद्र |
| 6 | (a) भाववाचक संज्ञा |
| 7 | (b) घड़ी |
| 8 | (C) विशेषण |
| 9 | (a)मिठाई |
| 10 | (d) यमुना |

Mahendra's

# सर्वनाम-

सर्वनाम शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है-सर्व + नाम।

'सर्व' का अर्थ है सभी तथा 'नाम' का अर्थ है संज्ञा।

अर्थात् जो शब्द सभी संज्ञा शब्दों के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं, सर्वनाम कहलाते हैं,

जैसे- यह, वह, ये, वे, इनका, उनका आदि ।

# सर्वनाम के भेद-

सर्वनाम के छह (6) भेद होते हैं -

1. पुरुषवाचक सर्वनाम- मैं, तुम, वह, हम, वे।

2. निश्चयवाचक सर्वनाम- यह (निकट), वह (दूर)।

3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम- कोई, क्या, कुछ।

4. निजवाचक सर्वनाम- आप, स्वयं, खुद।

5. संबंधवाचक सर्वनाम- जो, सो ।

6. प्रश्नवाचक सर्वनाम- कौन, क्या।

## 1.पुरुषवाचक सर्वनाम -

जो सर्वनाम पुरुषवाचक या स्त्रीवाचक संज्ञाओं (वक्ता, श्रोता व अन्य) के नाम के बदले आता है, उसे पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं, जैसे-मैं, वह, तू, तुम आदि ।

पुरुषवाचक सर्वनाम के तीन उपभेद होते हैं:

1.प्रथम पुरुष/उत्तम पुरुष-जिस सर्वनाम का प्रयोग 'कहने' या 'बोलनेवाला' अपने लिए करता है, उसे 'उत्तम पुरुष' कहते हैं, जैसे-मैं, मेरा, मुझे, मुझको, हम, हमारा, हमें (वक्ता)।

2.मध्यम पुरुष-'सुनने वाले' के लिए जिस सर्वनाम का प्रयोग किया जाता है, उसे 'मध्यम पुरुष' कहते है, जैसे-तू, तेरा, तुझे, तुझको, आप, आपका, आपको (श्रोता)।

3.अन्य पुरुष-जिस सर्वनाम का प्रयोग ऐसे संज्ञा के लिए हो, जिसके विषय में बात कही जा रही हो, किंतु जो उपस्थित न हो, ऐसे सर्वनाम को 'अन्य पुरुष' कहा जाता है, जैसे- यह, वह, ये, वे, उनका, उन्हें, इन्हें।

## 2.निश्चयवाचक सर्वनाम-

जिन सर्वनाम शब्दों से वक्ता के लिए या दूरस्थ व्यक्ति, वस्तु या घटना का निश्चित बोध होता है, उन्हें निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं, जैसे-यह, वह, ये, वे।

यह मेरी पुस्तक है। वह उनकी मेज है। ये मेरे हथियार हैं। वे तुम्हारे आदमी हैं।

## 3.अनिश्चयवाचक सर्वनाम-

जिस सर्वनाम से किसी निश्चित वस्तु या व्यक्ति का बोध नहीं होता है, उसे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं, जैसे-कोई, कुछ।

कोई आ गया तो क्या करोगे? चाय में कुछ गिर गया है।

## 4.निजवाचक सर्वनाम-

जिस सर्वनाम से अपने आपका (स्वयं) या निज का बोध होता है, उसे निजवाचक सर्वनाम कहते हैं,
जैसे-स्वयं, खुद, अपनेआप, स्वतः।

- मैं अपना काम स्वयं करूँगा। मैं खुद चला जाऊँगा। वह अपनेआप हिंदी पढ़ लेगा।

## 5.संबंधवाचक सर्वनाम-

जिस सर्वनाम से दो संज्ञाओं के परस्पर संबंध का ज्ञान हो, उसे संबंधवाचक सर्वनाम कहते है, जैसे-जो, सो

- जो मेहनत करेगा वो अवश्य सफल होगा। वह कमीज कहाँ है, जिसे मैंने खरीदी थी। जैसा बोओगे, वैसा काटोगे।

## 6. प्रश्नवाचक सर्वनाम-

जिस सर्वनाम का प्रयोग 'प्रश्न' करने के लिए किया जाता है, उसे प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते हैं, जैसे- कौन, क्या ।

- कौन आया है? तुम्हारे पास क्या है? दूध से क्या गिर पड़ा?

1. 'हम' क्या है?
(a)उत्तम पुरुष
(b) मध्यम पुरुष
(c) निजवाचक
(d) संबंधवाचक

2. सर्वनाम के भेद हैं:
(a) तीन
(b) चार
(c) पांच
(d) छह

3.'यह' कौन-सा सर्वनाम है?
(a) पुरुषवाचक
(b) निश्चयवाचक
(c) निजवाचक
(d) संबंधवाचक

4.तू, तुम, आप, आदि हिंदी में कौन-से पुरुषवाचक सर्वनाम हैं?
(a)उत्तम पुरुष
(b) अन्य पुरुष
(c) मध्यम पुरुष
(d) इनमें से कोई नहीं

5.'कल वह विद्यालय जाएगा।' इस वाक्य में सर्वनाम छाँटे:

(a) कल
(b) वह
(c) विद्यालय
(d) जाएगा

6.इनमें से कौन-सा सर्वनाम पुरुषवाचक नहीं है?
(a) कोई
(b) आप
(c) मैं
(d) वे

7.प्रश्नवाचक सर्वनाम का उदाहरण है?
(a) जो
(b) वे
(d) आप
(c) कौन

8."मैं कुछ लाया हूँ, इसे तुम रख लो।" इस वाक्य में रेखांकित सर्वनाम का भेद बताइए:

(a) पुरुषवाचक
(b) निजवाचक
(c) अनिश्चयवाचक
(d) संबंधवाचक

9. निम्नलिखित में प्रश्नवाचक सर्वनाम का प्रयोग किस वाक्य में

(a) तुम उधर बैठो।
(b) यह किसका घर है।
(d) यह घड़ी मेरी है।
(c) मैं घर जा रहा हूँ।

10.'खाना खा लो।' इस वाक्य में 'खाना' कैसा सर्वनाम है?
(a) प्रश्नवाचक सर्वनाम
(b) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(c) निश्चयवाचक सर्वनाम
(d) निजवाचक सर्वनाम

Mahendra's

# उत्तरमाला- (सर्वनाम)

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 1 | (a)उत्तम पुरुष |
| 2 | (d) छह |
| 3 | (b) निश्चयवाचक |
| 4 | (c) मध्यम पुरुष |
| 5 | (b) वह |
| 6 | (a) कोई |
| 7 | (b) घड़ी |
| 8 | (c) अनिश्चयवाचक |
| 9 | (b) यह किसका घर है। |
| 10 | (c) निश्चयवाचक सर्वनाम |

# विशेषण

जिस शब्द से किसी संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता अथवा गुण प्रकट हो, उसे विशेषण कहते हैं।
उदाहरण के लिए, 1. वह लड़की गोरी है।

इस वाक्य में गोरी शब्द विशेषण है। यदि गोरी शब्द इस वाक्य से हटा दें तो लड़की शब्द में कोई विशेषता न रह जायेगी। ऐसी स्थिति में, यह नहीं कहा जा सकता है कि लड़की गोरी है, छोटी है, भली है, सुन्दर है, बुरी है, मोटी है अथवा नाटी है।

विशेष्य -विशेषण द्वारा जिस शब्द की विशेषता प्रकट हो, उसे 'विशेष्य' कहते हैं।
विशेषण के भेद - मुख्यत:विशेषण 4 प्रकार के होते हैं-
1.गुणवाचक 2.संख्यावाचक 3.परिमाणवाचक 4.सार्वनामिक (संकेत वाचक)

Mahendra's

# 1. गुणवाचक विशेषण

**जिस विशेषण से गुण, दोष, रंग, आकार, स्वभाव, दशा, अवस्था आदि को बोध हो, उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं, जैसे-अच्छा, बुरा, सच्चा, झूठा, नेक, भला, सुंदर, कुरूप, आकर्षक, सीधा, टेढ़ा, लाल, पीला, लंबा, चौड़ा, छोटा बड़ा, दयालु, कठोर, सूखा, गीला, दुबला, पतला, नया, पुराना, आधुनिक, प्राचीन, बनारसी, मुरादाबादी आदि।**

**वह भला/अच्छा आदमी है। (भला/अच्छा-गुणबोधक)**
**मोहन बुरा/दुष्ट लड़का है। (बुरा/ दुष्ट-अवगुणबोधक)**
**कपड़ा लाल/पीला है। (लाल/पीला-रंगबोधक)**
**भाला नुकीला/लंबा है। (नुकीला/लंबा-आकारबोधक)**
**मोहन दुबला/मोटा है। (दुबला/मोटा-दशाबोधक)**

# 2.परिमाणवाचक विशेषण

जो विशेषण वस्तु के परिणाम या मात्रा (नाप तौल या मापं) का बोध कराए, उसे परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं, जैसे-दो लिटर, तीन मीटर, थोड़ा, बहुत कुछ कम, सारा, पूरा, इतना, उतना, जितना, कितना आदि। परिमाणवाचक के दो उपभेद होते हैं:

**1.निश्चित परिमाणवाचकः** जो शब्द किसी संज्ञा या सर्वनाम के निश्चित परिमाण का बोध कराएं वो निश्चित परिमाणवाचक विशेषत कहलाते हैं, जैसे

दो लिटर दूध दें। (दो लिटर निश्चित परिमाण)

तीन मीटर कपड़ा दें। (तीन मीटर-निश्चित परिमाण)

**2.अनिश्चित परिमाणवाचकः** जो शब्द किसी संज्ञा या सर्वनाम के अनिश्चित परिमाण को बोध कराए वो अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण कहलाते हैं, जैसे

थोड़ा दूध चाहिए। (थोड़ा दूध-अनिश्चित परिमाण)

बहुत कपड़े चाहिए।

(बहुत कपड़े-अनिश्चित परिमाण)

# 3.संख्यावाचक सर्वनाम

जिस विशेषण से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या का बोध हो, उसे संख्यावाचक विशेषण कहते हैं, जैसे-दो, चार, पहला, चौथा, दोहरा, चौगुना, आधा, पाव, कुछ, सैकड़ों, असंख्य इसके भी दो उपभेद होते हैं।

1.निश्चित संख्यावाचक चार लड़के आ रहे हैं।
(चार लड़के-निश्चित संख्या)

2.अनिश्चित संख्यावाचक कुछ लड़के आ रहे हैं।
(कुछ लड़के-अनिश्चित संख्या)

# 4. सार्वनामिक विशेषण-

जो सर्वनाम विशेषण के रूप में प्रयुक्त हो, उसे सार्वनामिक विशेषण कहते हैं, जैसे-यह, वह, कपौन, क्या, कोई, कुछ आदि ।

उपर्युक्त शब्द सर्वनाम और विशेषण दोनों हैं। यदि ये क्रिया के पहले प्रयुक्त हों, तो सर्वनाम और संज्ञा के पहले प्रयुक्त हों, तो सार्वनामिक विशेषण, जैसे

यह देखो। (क्रिया के पहले यह सर्वनाम )
यह फूल देखो। (संज्ञा के पहले यह sसार्वनामिक विशेषण)
वह खेलेगा। (क्रिया के पहले वह सर्वनाम)
वह लड़का खेलेगा (संज्ञा के पहले वह सार्वनामिक विशेषण)

उपर्युक्त बातों से स्पष्ट हो जाता है कि-'यह' और 'वह' शब्द सर्वनाम भी हैं और विशेषण भी। यह आप पर निर्भर करता है कि इनका प्रयोग आप किस रूप में करते हैं। अत: इन शब्दों के प्रयोग में सावधानी रखें, अन्यथा अर्थ का अनर्थ हो सकता है।

1.विशेषण किस शब्द की विशेषता बताते हैं?
(a) संज्ञा की
(b) सर्वनाम की
(c) संज्ञा और सर्वनाम की
(d) कारक की

2.जिस शब्द की विशेषता बातई जाए  वह है:

(a) विशेषण
(b) विशेष्य
(c) संज्ञा
(d) सर्वनाम

3.किस वाक्य में अच्छा' शब्द का प्रयोग विशेषण के रूप में हुआ है?
(a) तुमने अच्छा किया जो आ गए
(b) यह स्थान बहुत अच्छा है।
(c) अच्छा तुम घर जाओ
(d) अच्छा है वह अभी आ जाए।

4.'संस्कृति' का विशेषण है:
(a) सांस्कृतिक
(b) संस्कृतिक
(c) संस्कृत
(d) सास्कृत

5. 'लक्ष्मण एक कुशल कार्यकर्ता है' में विशेषण है:
(a) लक्ष्मण
(b) कार्यकर्ता
(c) कुशल
(d)इनमें से कोई नहीं

6. निम्नलिखित में से विशेषण चुनिए:

(a) भलाई
(b)मिठास
(c) थोड़ा
(d) स्वयं

**7."परिश्रमी व्यक्ति ही सफल होते हैं।" इसमें 'परिश्रमी' कैसा विशेषण है?**
**(a) परिमाणवाचक विशेषण**
**(b) गुणवाचक विशेषण**
**(c)संख्यावाचक विशेषण**
**(d) सार्वनामिक विशेषण**

**8. "यह लड़का गवैया है।" इस वाक्य में 'यह' कैसा विशेषण है?**
**(a) निश्चित संख्यावाचक**
**(b) अनिश्चित संख्यावाचक**
**(c)सार्वनामिक विशेषण**
**(d) संख्यावाचक विशेषण**

9.चार गायें खेत में चर रही हैं।" इनमें 'चार' कैसा विशेषण है?'

(a) निश्चित संख्यावाचक

(b) अनिश्चित संख्यावाचक

(c) निश्चित परिमाणवाचक

(d) अनिश्चित परिमाणवाचक

10."मुझे थोड़ा घी चाहिए।" इनमें 'थोड़ा' कैसा विशेषण है?

(a) निश्चित परिमाणवाचक

(b)अनिश्चित परिमाणवाचक

(c) निश्चित संख्यावाचक

(d)अनिश्चित संख्यावाचक

Mahendra's

# उत्तरमाला- (विशेषण)

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 1 | (c) संज्ञा और सर्वनाम की |
| 2 | (a) विशेषण |
| 3 | (b) यह स्थान बहुत अच्छा है। |
| 4 | (a) सांस्कृतिक |
| 5 | (c) कुशल |
| 6 | (c) थोड़ा |
| 7 | (b) गुणवाचक विशेषण |
| 8 | (c)सार्वनामिक विशेषण |
| 9 | (a) निश्चित संख्यावाचक |
| 10 | (b)अनिश्चित परिमाणवाचक |

# क्रिया

जिस शब्द से किसी काम का करना अथवा होना समझा जाए उसे क्रिया कहते हैं।
वाक्य में जिस शब्द के द्वारा हम किसी वस्तु के विषय में कुछ कथन करते हैं, उसे 'क्रिया' कहते हैं।

उदहारण के लिए
- रश्मि गाती है।
- ऋतु की लेखनी टूट गयी।
- राधा खेलेगी।
- तनु और तनय दौड़ रहे हैं।

यहाँ - गाती है, टूट गयी, खेलेगी, दौड़ रहे हैं, से किसी काम का होना अथवा करना पाया जाता है। अतः ये शब्द 'क्रिया' हैं।

क्रिया विकारी शब्द है। इसके रूप में विशेष परिवर्तन भी हुआ करते हैं।

Mahendra's

# धन्यवाद....